


हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 दिसंबर 2025



12 तहसील साहू संघ पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह





11 सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षा हुई ...






# राष्ट्रीय जंबूरी डौंडीलोहारा में आज से, 15 हजार रोवर-रेंजर होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रथम राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी 2026 का आयोजन बालोद जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम दुधली में 09 जनवरी से 13 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश के स्कूली शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने ग्राम दुधली स्थित कार्यक्रम स्थल का पूजा–अर्चना कर भूमिपूजन किया।

उन्होंने इस दौरान प्रथम राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी 2026 हेतु राजकीय पशु वन भैंसा पर आधारित शुभंकर तथा 'विकसित युवा, विकसित भारत' थीम पर आधारित लोगो का अनावरण किया। इस दौरान जंबूरी डायरेक्टर अमर क्षेत्री, भारत स्काउट गाउड छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा, डीपीआई डायरेक्टर ऋतुराज रघुवंशी, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य व भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी सहित जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, राज्य एथेलेटिक्स संघ उपाध्यक्ष सौरभ लुनिया और बड़ी संख्या में अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी–कर्मचारी तथा स्काउट–गाइड के सदस्य उपस्थित थे। स्कूली शिक्षा मंत्री गजेन्द्र ▶▶| शेष पेज 11 पर

## मंत्री गजेंद्र ने कार्यक्रम स्थल का किया पूजन





## ये रहे मौजूद

कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन करते हुए जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव ने कहा कि यह बहुत ही गर्व की बात है कि मातृभूमि बालोद में इस तरह का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने शिक्षा मंत्री यादव का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित कर इस आयोजन को सफल एवं स्मरणीय बनाने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर नगर पंचायत डौण्डीलोहारा के अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, कुसुम शर्मा, जसराज शर्मा, नेहा उपाध्याय, सुरेन्द्र देशमुख, मालीघोरी के उपसरपंच मोहित देशमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 09 दिसंबर को समय–सीमा की बैठक के पश्चात आयोजित की गई है। बैठक में समिति के सदस्यों को निर्धारित तिथि में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### कार की ठोकर से मोटर साइकिल सवार दो घायल

**बालोद।** कार चालक ने मोटर साइकिल को ठोकर मार दिया। जिससे मोटर साइकिल सवार दो युवक घायल हो गए। जिसमें पुलिस ने धारा 184 एमओटी, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम सिकोसा निवासी श्रवण कुमार विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि 29 नवंबर को मेरा लडका चंदन कुमार विश्वकर्मा 30 वर्ष ग्राम कोडेवा के कृष्णा कुमार साहू के साथ मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 24 एम 6559 से भिलाई जा रहे थे, दोपहर करीबन 03.30 बजे ग्राम खुंटेरी पुलिया के पास पहुंचे थे उसी समय गुण्डरदेही की ओर से आ रही कार सीजी 09 जेएच 1354 का चालक ने मोटर साइकिल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है। एक्सीडेंट से मेरा लडका चंदन कुमार दाहिने पैर के घुटना, दाहिने हाथ की उंगली में तथा पीछे बैठे कृष्णा कुमार साहू के दाहिना पैर एवं सीने के पास चोंट लगा है।

### फरार आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** गांजा प्रकरण के फरार आरोपी सत्येंद्र कुमार उर्फ संजू बिहारी पिता वासुदेव पटेल उम्र 35 वर्ष निवासी जिला देवरिया ग्राम मूर्तिपुर टिकैत हाल मुकाम अटल विहार ग्राम परसदा थाना कुम्हारी जिला दुर्ग को पकड़ने में उतई पुलिस ने सफलता पाई है।

**आयोजन :** वैदिक मंत्रोच्चार और देव पूजा के साथ कलश पूजन का शुरुआत

# 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में पंद्रह सौ से अधिक कलशों की शोभायात्रा निकाली, दो हजार श्रद्धालु हुए शामिल







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- ऐतिहासिक कलश यात्रा, जिलेभर के श्रद्धालु हुए एकत्र

शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा अनुमति बाद नगर में जिला स्तरीय 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के शुभारंभ के पूर्व 15 सौ से अधिक कलश के सांथ भव्य शोभा यात्र सोमवार को नगर भ्रमण किया गया। जिसमें कार्यकर्ता सहित 2 हजार सदस्यों व श्रद्धालुओं सम्मिलित हुए। इसे अब तक का सबसे लम्बी कलश यात्र बताया जा रहा है जो गायत्री परिवार के लिए एक रिकॉर्ड बन गया।







सबसे पहले महिलाएं कलश लेकर यज्ञ स्थल पर लाए, जिसका शांतिकुज से आए प्रज्ञा पुत्र की संगीत टोली ने कलश संबंधी प्रज्ञा गीत, प्रेरणप्रद गीत प्रस्तुत किया। पश्चात वैदिक मंत्र से देव पूजा कर कलश पूजन किया। जिसे नगर और आसपास से आए भक्त परिजनों ने अपने सिर पर धारण किए सबसे पहले शक्ति कलश के बाद 24 कन्या देवी कलश उसके बाद ज्ञान वांग्मय ग्रन्थ को सिर पर धारण किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने कलश धारण प्रारंभ किया, पश्चात सभी दो की कतार में कलश धारण किए जो लगभग 1 किलो मीटर लंबी रही। इस कलश यात्र के मध्य में बालोद, गुरूर, लोहारा, दली राजहरा, बासीन, अर्जुन्दा, अरकार हीरक मंडल ने पूज्य गुरु श्रीराम शर्मा, माता जी और गायत्री माता के गीत और प्रेरणापद गीत संगीत के साथ चल रहे थे, इसके बीच में आकर्षक झांकी में बालोद से सर्वधर्म सम भाव की झाकी, डांडी लोहारा ने नारी जागरण, घर बासिन बल संस्कार नारी जागरण, अर्जुनी ने नशामुक्त की झांकी, आदि की आकर्षक झांकी सम्मिलित रही।

शक्तिपीठ और प्रज्ञा पीठ के परिजन प्रेरणापद नारे लगाते रहे। नगर भ्रमण बाद यज्ञ स्थल में कलश पूजन कर आरती किया गया, 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ मे बालोद जिला के अतिरिक्त राजनांदगांव, दुर्ग और धमतरी से अनेक परिजन आए है। इस यज्ञ क्षेत्र में हिमालय गुरुदेव की तपस्थली, सप्तऋषियों की आकर्षक प्रतिमा शोभायमान है, कुछ शासकीय विभाग की झांकी स्टाल तथा गुरुदेव के सात आंदोलन की झांकी और अन्य स्टॉल महायज्ञ सथल पर लगाए गए है जिसमें सुरक्षा, स्वास्थ्य और जल प्रदाय, अनुदान स्टाल लगाए गए हैं। भारतीय ऋषि यूनियों ने यज्ञ को प्रकृति और जीवो की सुरक्षा, असुरों से, अनावृति का निवारण करने का मुख्य और आवश्यक साधन बताया है, यज्ञ संचालन समिति के अध्यक्ष कलिहारी ने कल होने वाले यज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में आकर पुण्य लाभ प्राप्त करने निवेदन किया। कार्यक्रम का संचालन कमल साव ने किया।

# सुपारी लेकर कार में लगाई आग, कुल 7 आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज. बालोद/दल्लीराजहरा

- कुल गिरफ्तार आरोपियों की संख्या हुई सात

सुपारी लेकर हमर राज पार्टी के जिला अध्यक्ष व पत्रकार के कार में आग लगाने में आरोपियों को सहयोग देने वाले ग्राम अंगारी सरपंच व 01 आरोपी को बालोद पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पूर्व में 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

इस तरह मामले में अब तक कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। 01 दिसंबर को प्रार्थी देवेन्द्र साहू की कार को जलाने के मामले मे रिपोर्ट पर धारा 326(जी),3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना बालोद एवं सायबर सेल बालोद स्टाफ के द्वारा पूर्व में 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, गिरफ्तार आरोपियों से पुछताछ पर ग्राम अंगारी सरपंच ममता डडसेना एवं ममता डडसेना के पति अष्वनी डडसेना के सहयोगी श्यामु यादव उर्फ रिंकू द्वारा देवेन्द्र साहू के कार में आग लगाने के लिए रूपये देना बताये जाने पर ममता डडसेना एवं श्यामू यादव उर्फ रिंकू को कड़ाई से पुछताछ किया, जिन्होने पूर्व से जेल में निरूध्द अश्वनी डडसेना के कहने पर प्रकरण के प्रार्थी देवेन्द्र साहू के कार में आग लगाने के लिए दल्लीराजहरा के आरोपियों को सुपारी दिया था व अश्वनी डडसेना के कहे अनुसार ममता डडसेना एवं श्यामू यादव उर्फ रिंकू ने आरोपियों को देवेन्द्र साहू का पता बताकर उन्हे खर्च के लिए रूपये व सुविधा उपलब्ध कराये जाने से ममता डडसेना एवं श्यामू यादव उर्फ रिंकू को गिरफ्तार कर 07 दिसंबर को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



# नगर पंचायत में 1.17 करोड़ की लागत से बनेगा 40 दुकानों वाला कॉम्प्लेक्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर पंचायत गुण्डरदेही में परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें बाजार क्षेत्र में एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण, आरक्षण लागत, निविदा आमंत्रण और दुकान नीलामी के संबंध में विचार–विमर्श कर निर्णय लिए गए।

बैठक मे प्रमोद जैन ने बताया कि शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के तहत कुल 40 दुकानों का निर्माण किया जाएगा। इस शॉपिंग कांप्लेक्स की अनुमानित लागत 1 करोड़ 17 लाख है। उन्होंने कहा कि इस निर्माण में ओबीसी, एससी, एसटी और सामान्य वर्ग सभी के लिए आरक्षण रखा गया है दुकानों के आवंटन में नगर पंचायत के स्थानीय नागरिकों को प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक में दुकानों की नीलामी सरकारी बोली और मासिक किराए के लिए नियम एवं शर्तों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमे छोटी दुकान के लिए सरकारी बोली 6 लाख रूपये व बड़ी दुकान के लिए सरकारी बोली 10 लाख रूपये रखा गया है। इसी प्रकार दुकानों का मासिक किराया भी तय किया गया है, जिसमे छोटी दुकान के लिए किराया 500 प्रतिमाह व बड़ी दुकान के लिए किराया 1,000 प्रतिमाह रखा गया। प्रमोद जैन ने बताया कि परिषद की विशेष बैठक में दुकानों के नामांतरण एवं हस्तांतरण के लिए भी नगर पंचायत के नियम एवं शर्तों पर कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस ▶▶| शेष पेज 11 पर




# महिलाओं को राजमिस्त्री का प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ने हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत मनरेगा श्रमिकों के लिए 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

दुर्ग के ग्राम पऊवारा में प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत मनरेगा श्रमिकों एवं ग्रामीण युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से 30 दिवसीय रूरल मेसन (राजमिस्त्री) प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी, दुर्ग द्वारा जनपद पंचायत दुर्ग के सहयोग से संचालित किया जा रहा है, जिसमें कुल 19 प्रतिभागी शामिल हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत 100 दिवस कार्य पूर्ण कर चुके श्रमिकों को आत्मनिर्भर बनाने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण हेतु कुशल राजमिस्त्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल शुरू की गई है। कार्यक्रम का संचालन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दुर्ग श्री बजरंग कुमार दुबे के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

## पउवारा में युवाओं से 19 ज्यादा महिलाओं को दिया प्रशिक्षण

### प्लास्टरिंग, टाइल्स लगाना और फर्श बिछाना सिखाया गया

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर अमित कुमार कुंभकार द्वारा ईंट-पत्थर चिनाई, प्लास्टरिंग, टाइल एवं फर्श बिछाना, छत ढलाई, कंक्रीट मिश्रण, वॉटरप्रूफिंग तथा निर्माण कार्य से संबंधित सुरक्षा मानकों की विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को प्रदान की जा रही है। यह प्रशिक्षण ग्रामीण युवाओं को तकनीकी दक्षता प्रदान कर उन्हें स्वावलंबन एवं स्वरोजगार की ओर अग्रसर करेगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में कुशल राजमिस्त्रियों की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे आवास निर्माण की गुणवत्ता एवं गति दोनों में सुधार होगा। यह पहल प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों को भी और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।अकुशल श्रमिको के आधार पर 30 दिवस मजदूरी राशि भी जारी किया जाएगा।



### बैंक के माध्यम युवाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग ग्रामीण युवाओं को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर कौशल विकास, उद्यमिता तथा वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा दे रही है। आरसेटी निदेशक श्री गुलशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। प्रशिक्षण अवधि में सभी प्रतिभागियों को निःशुल्क ड्रेस, टूलकिट एवं भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह पहल ग्रामीण युवाओं को कुशल और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है तथा कुशल भारत से सशक्त भारत" के लक्ष्य को साकार करने में सहायक सिद्ध होगी।

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल ने कलेक्टर को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया

दुर्ग । भारत सरकार द्वारा पूर्व सैनिकों के कल्याण और पुनर्वास के लिए गठित सशस्त्र बल ध्वज दिवस कोष में जिला प्रशासन द्वारा जमा करने अधिक राशि संग्रहण कर कोष में जमा करने पर दुर्ग जिले को सम्मानित किया गया। शहीद जांबाज सैनिकों व उनके परिजनों के प्रति नागरिक एकजुटता व सम्मान प्रदर्शित करने सशस्त्र सेना झंडा दिवस 7 दिसम्बर को राज्यपाल रमेन डेका ने दुर्ग जिले के कलेक्टर अभिजीत सिंह को गवर्नर ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

### लिपिक वर्गीय पदोन्नति के लिए कार्रवाई की मांग

दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत प्राचार्य, व्याख्याता, प्रधानपाठक की पदोन्नति व्यापक स्तर पर किया गया है परन्तु संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग के रिक्त पद वरिष्ठ लेखा परीक्षक एवं सहायक ग्रेड-एक के पद पर विगत कई वर्षों से पद रिक्त होने के बाद भी पदोन्नति नही किया गया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन मीडिया प्रभारी भानुप्रताप यादव ने बताया कि अभी तक पदोन्नति के संबंध में कोई कार्यवाही नहीं किया गया है जिससे लिपिक वर्गीय संघ एवं लिपिकों में रोष व्याप्त है।

### क्रांतिकारी सुखदेव राज की मनाई जयंती



दुर्ग। देश की आज़ादी के लिए क्रांति का मार्ग अपनाने वाले युवाओं में से एक सुखदेव राज की 118 वीं जयंती रविवार को इंदिरा मार्केट दुर्ग के पास उनके पुराने जर्जर आवास के सामने भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ तथा सुखदेव राज स्मृति स्मारक समिति तथा दुर्ग सिक्ख सभा दुर्ग के पदाधिकारियों द्वारा मनाई गई। शहीद चंद्रशेखर आजाद, सरदार भगत सिंह जैसे अग्रणी पंक्ति के क्रांतिकारियों के निकट सहयोगी रहे सुखदेव राज 1963 से 1973 तक इंदिरा मार्केट के पास स्थित शिशु कल्याण केंद्र के भवन में रहकर कुष्ठ रोगियों की सेवा करते हुए 5 जुलाई 1973 को इसी भवन में अंतिम सांस ली थी। उनका जन्म लाहौर में 7 दिसंबर 1907 को हुआ था। कॉलेज में पढ़ाई के दौरान वे क्रांतिकारियों के सम्पर्क में आए फ़िर अपना जीवन देश की आज़ादी के लिए समर्पित कर दिया। प्रयाग के अल्फ्रेड पार्क में चंद्रशेखर आजाद के अंतिम दिन 27 फरवरी 1931 को सुखदेव राज ही साथ में थे। दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, धीरज बाकलीवाल, जितेंद्र वर्मा, गुलबीर सिंह भाटिया सहित अन्य मौजूद थे।

## सामाजिक चुनाव : उपाध्यक्ष पद पर कृष्णा व मंजू साहू को मिली जीत

# त्रिकोणीय मुकाबले में जिला साहू संघ अध्यक्ष पद पर दोबारा निर्वाचित हुए नंदलाल साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दुर्ग जिला साहू संघ का आम चुनाव रविवार को हुआ। गहमागहमी भरे इस चुनाव में नंदलाल साहू पुनः अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए हैं। त्रिकोणीय संघर्ष में उन्होने यह उनका द्वितीय कार्यकाल होगा।

खास बात यह रही कि इस बार साहू संघ के अध्यक्ष पद के लिए तीन लोग चुनाव मैदान में थे। जिसकी वजह से चुनाव त्रिकोणीय मुकाबले का हो गया था लेकिन आखिरकार तत्कालीन अध्यक्ष नंदलाल पर समाज के लोगों ने भरोसा जताया और जीत का सेहरा बांधा। नंदलाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भीखम साहू को 144 मतों से हराया। उनको कुल वोट 713 वोट मिले और भीखम को 569 वोट मिले। तीसरे प्रत्याशी गिरीश साहू को 56 वोट ही मिल पाया।

### परिणाम घोषित होने तक समाज के दिग्गज नेता भी रहे मौजूद



### उपाध्यक्ष पद कृष्णा व मंजू को

जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष के दो पदों के लिए मतदान हुआ। उपाध्यक्ष पद पुरुष के लिए कृष्णा साहू ने 111 वोटो से जीत दर्ज किया। उन्होंने रामखिलावन को 111 वोट से हराया। कृष्णा को 719 वोट मिले। रामखिलावन को 608 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष महिला पद में मंजू साहू ने 35 वोटो से जीत दर्ज किया । उन्होंने लालेश्वरी साहू को हराया। मंजू साहू को 687 एवं लालेश्वरी को 652 वोट मिले।



### सब मिलकर समाज हित में करेंगे कार्य- नंदलाल

नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू ने कहा कि समाज के सभी भाई बहनों का बहुत बहुत धन्यवाद जिन्होने प्रत्यक्ष एवम अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान किया है। यह समाज की जीत है । सभी को साथ मिलकर कार्य करेंगे किसी भी तरह की प्रतिद्वंदिता नहीं होगी। हमारी प्राथमिकता समाज मे जितने भी कार्य अधूरे रह गए थे उसको पूरा करना है। पिछले कार्यकाल की उपलब्धि की वजह से इस बार भी मुझ पर दोबारा भरोसा जताया है। उनके विश्वास पर पूरा खरा उतरने का भरसक प्रयास मेरा होगा। समाजिक कुरीतियों को दूर करने, युवाओं और महिलाओं को समाजिक विकास से जोड़ने की योजनाएं भी सभी के मार्गदर्शन से बनाएंगे।

### महिलाओं में भारी उत्साह

मतदान के दौरान तीनों ही अध्यक्ष पद के दावेदारों के समर्थक पंडालों में जुटे रहे। मतदाता पर्ची वितरण की व्यवस्था प्रत्याशियों ने अपने-अपने पंडालों में की कर रखी थी। यहां महिलाओं की खासी भीड़ दिखी। प्रत्याशियों ने खाने पीने, चाय-नाश्ते का भी इंतजाम कर रखा था। मतों की गिनती तक समर्थक यहां डटे रहे। घोषणा के बाद विजयी प्रत्याशियों का फूल माला पहनाकर और मिठाई बांटकर खुशियां मनाई गई।


### संगठन सचिव उमाशंकर व सविता

जिला साहू संघ के संगठन सचिव के दो पद पर चुनाव हुए। पद पुरुष उमाशंकर साहू एवं महिला पद पर सविता पोषण साहू दोनों निर्विरोध निर्वाचित हुए।

### 1360 मतदाताओं ने डाले वोट, देर रात तक चली गिनती

जिला साहू संघ का मुकाबला इस बार बेहद रोचक रहा। इसलिए कि सभी पदों के लिए पुराने और नए लोगों ने अपने-अपने ताल समाजिक वोटरों के सामने ठोंके थे। संघ में कुल मतदाता 2188 हैं लेकिन मतदान 1360 मतदाताओं ने किया। मतदान के बाद वोटों की गिनती देर रात तक चली। इस दौरान समाज के दिग्गज नेता भी परिणाम जानने के लिए मौजूद रहे। चुनाव अधिकारी जे.पी. साहू अधिवक्ता, देवेंद्र साहू अधिवक्ता, पी आर सार्वा अधिवक्ता, शशिकांत साहू अधिवक्ता ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियो ने निर्वाचन प्रमाणपत्र प्रदान किये।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. सीताराम शर्मा की प्रतिमा का किया अनावरण



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग जिले के भटगांव, जेवरा-सिरसा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. पंडित सीताराम शर्मा की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्व. शर्मा के संपर्क में रहे वरिष्ठजनों तथा प्रतिमा निर्माता मूर्तिकार अंकुश देवांगन एवं डीएस विद्यार्थी को शॉल और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया।

■ मंत्री गजेंद्र यादव मुख्य रूप से हुए शामिल

अनावरण समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्री यादव ने कहा कि पंडित सीताराम शर्मा न केवल स्वतंत्रता संग्राम के समर्पित सेनानी थे, बल्कि समाजसेवी, आध्यात्मिक पुरुष, कथावाचक, ज्योतिषाचार्य और सेवाभावी व्यक्तित्व के रूप में भी सदैव याद किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि संस्कृत विद्या मण्डलम की बैठक में एक वर्ष के भीतर 100 कर्मकाण्डी पंडित तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि शुद्ध उच्चारण और संपूर्ण 16 संस्कारों की परंपरा को संरक्षित किया जा सके।

इस अवसर पर मंत्री श्री यादव ने हाई स्कूल जेवरा–सिरसा का नामकरण स्व. पंडित सीताराम शर्मा के नाम पर करने की घोषणा भी की। समारोह में महेश शर्मा, सुरेन्द्र कौशिक, कमलेश सहित स्वतंत्रता सेनानी के परिवार के सदस्य तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## रेवा तालाब में पाउंड मशीन का मेगा अभियान जलकुंभी हटते ही साफ हुआ पानी

दुर्ग। शहर के प्रमुख जलस्त्रोतों को स्वच्छ बनाने के लिए दुर्ग नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वार्ड 23 दीपक नगर स्थित रेवा तालाब में आज पाउंड मशीन के माध्यम से बड़े पैमाने पर सफाई कार्य शुरू किया गया। महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग और कर्मशाला विभाग की संयुक्त टीम सुबह होते ही तालाब पहुंची और आधुनिक पोनो मशीन को पानी में उतारा गया। पाउंड मशीन के संचालन के कुछ ही देर बाद तालाब की सतह पर फैली मोटी जलकुंभी की परत हटनी शुरू हो गई और पानी पहले की तुलना में काफी साफ दिखाई देने लगा। इस कार्रवाई से स्थानीय नागरिकों में भी उत्साह का माहौल रहा। नगर निगम ने हाल ही में शहर के सभी तालाबों का सर्वे किया था।

## एसआईआर में नगरीय निकायों में सहयोग के लिए हेल्प डेस्क की करें स्थापना : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में गणना पत्रक भरने की कार्यवाही जारी है।

■ चेम्बर ऑफ कामर्स व सामाजिक संगठनों से सहयोग की अपील

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने कहा है कि सभी महत्वपूर्ण व्यक्तियों, अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों, विशिष्ट व्यक्तियों, मीडिया के व्यक्तियों एवं गणमान्य व्यक्तियों के गणना पत्रक भरे जाने तथा 2003 के मतदाता सूची से उनका अथवा उनके परिवार के सदस्यों का मिलान कराए जाने की कार्यवाही महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, बीएलओ एवं कार्य से जुड़े कर्मचारियों को ऐसे महत्वपूर्ण व्यक्तियों से संपर्क कर उनके तथा परिवार के सदस्यों तथा गणना पत्रक भरने तथा 2003 की मतदाता सूची से उनकी मैपिंग कर ली गई है अथवा नहीं, इसकी पुष्टि कराने कहा है।

कलेक्टर श्री सिंह ने ऐसे व्यक्तियों के पुष्टि के लिए दायित्व सौपे हैं। जिसके अनुसार सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, प्रमुख राजनीतिक दलों के संगठन के सदस्य आदि के लिए प्रोटोकॉल शाखा, समस्त नगरीय निकायों के पदाधिकारी तथा पूर्व पदाधिकारी महापौर, अध्यक्ष, सभापति पार्षद गण, एल्डरमैन (वर्तमान एवं पूर्व) आदि के लिए संबंधित नगरीय निकाय के आयुक्त, सीएमओ, समस्त पंचायत पदाधिकारियों एवं पूर्व पदाधिकारी जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्य, जनपद पंचायत के अध्यक्ष, सदस्य, ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पंच (वर्तमान एवं पूर्व), मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जनपद पंचायत द्वारा, मीडिया के व्यक्तियों के लिए जनसंपर्क कार्यालय द्वारा अधिकारी, कर्मचारी के लिए संबंधित विभाग के जिला प्रमुख अथवा कार्यालय प्रमुख द्वारा अपने समस्त जिला स्तरीय अनुविभाग, स्तरीय खंड स्तरीय कार्यालय तथा अपने वरिष्ठ कार्यालय में मंडल सर्कल आदि में पदस्थ वरिष्ठ अधिकारियों के विषय में भी पुष्टि कर लें।

## ओम परिसर से उरला तक बनेगी सड़क, मंत्री ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

ट्रैफिक को नियंत्रण कर आवागमन को बेहतर बनाने ओम परिसर से उरला फाटक और गिरधारी नगर से उरला तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। मंत्री गजेन्द्र यादव ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्र सभी जनप्रतिनिधि, कार्यकर्त्ता और नागरिकों की उपस्थिति में पीडब्लूडी के इंजीनियरों ने सड़क की चौड़ाई का नापजोख कर निर्माण संबंधित तकनीकी जानकारी दी।



दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में आवागमन को बेहतर बनाने शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव निरंतर प्रयासरत है। वार्डों में भीतरी गलियों के सीमेंटीकरण के साथ ही प्रमुख सड़क का चौड़ीकरण पर काम किया जा रहा है। ओम परिसर से उरला फाटक और पटेल ट्रेडर्स गिरधारी नगर से उरला तक निर्माण के लिए शासन को स्वीकृति के पूर्व पीडब्लूडी के इंजीनियर की टीम ने वार्ड 10 और वार्ड 12 के गलियों का भ्रमण किए। वर्तमान सड़क की चौड़ाई और प्रस्तावित सड़क कितना मीटर तक रहेगा इसकी नापजोख कर जानकारी दी गई। निर्माण से संबंधित सभी पहलुओं पर चर्चा कर शीघ्र ही ले आउट तैयार कर शासन को प्रस्ताव भेजने निर्देश दिए। मंत्री गजेन्द्र यादव ने बताया कि दुर्ग विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ओम परिसर से उरला रेलवे फाटक तक तथा पटेल ट्रेडर्स के पास परेतिन चौक से उरला रेलवे फाटक तक प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों एवं अभियंताओं के साथ स्थल निरीक्षण किया। शहर में निरंतर बढ़ रहे यातायात दबाव को नियंत्रित कर आवागमन को अधिक सुगम और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 10 एवं 12 को जोड़ने हेतु प्रस्तावित एप्रोच रोड के निर्माण का भौतिक निरीक्षण एवं तकनीकी आकलन किया गया। मौके पर सभी संभावित पहलुओं पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक कार्ययोजना तैयार की गई तथा अनुमानित लागत (इस्टीमेट) बनाकर इसे आगामी बजट में सम्मिलित करने के निर्देश दिए। उरला फाटक से ओम परिसर तक एप्रोच रोड बनने से शंकरनगर, गिरधारी नगर, बैगापारा, मोहननगर, बैगापारा क्षेत्र के बड़ी आबादी को शहर से बाहर निकलने आवागमन में सहूलियत होगी। शहर के नागरिकों को अभी उरला जाने के लिए चंडी मंदिर चौक से गयानगर होते हुए जाना पड़ता है जिससे इस सड़क पर ट्रैफिक दबाव बढ़ता जा रहा है, सड़क बन जाने रेलवे स्टेशन या भिलाई की ओर से आने वाले वाहन एप्रोच रोड से उरला जा सकते है।

## जिला विधिक प्राधिकरण ने कानून की जानकारी देने चलाया अभियान

# वरिष्ठ अधिवक्ताओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

अंतर्राष्ट्रीय निःशक्तजन (दिव्यांगजन) दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर अनेक जनजागरूकता शिविरों और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रथम कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग में अधिवक्ता दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय निःशक्तजन दिवस को संयुक्त रूप से मनाया गया, जहां नवीन सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायाधीश, अधिवक्ताओं एवं अभियोजन अधिकारियों की संयुक्त कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान किया गया तथा निःशक्तजनों के अधिकारों, उनकी समस्याओं और उन्हें प्रदत्त विधिक प्रावधानों पर विचार-विमर्श किया गया।

■ जिले में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन



इसी क्रम में आयोजित द्वितीय कार्यक्रम में शासकीय तिलक उच्चतर माध्यमिक शाला दुर्ग में 7 मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे। उनके द्वारा विद्यार्थियों को निःशक्तजन दिवस का महत्व, नशे के दुष्प्रभाव, संविधान में निहित अधिकार एवं कर्तव्य, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर तथा गुड टच-बैड टच के विषयों पर जागरूक किया गया। बच्चों ने न्यायाधीशों से प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने सरल और सहज भाषा मेंउत्तर देकर विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। साथ ही शासकीय आईटीआई में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के एलएडीसीएस के तीन अधिवक्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को निःशक्तजन से संबंधित विधिक अधिकारों, नशामुक्ति और विभिन्न निःशुल्क विधिक सेवाओं की जानकारी दी। पैरालीगल वालेंटियर्स द्वारा भी विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर जनजागरूकता के प्रचार-प्रसार में योगदान दिया। जिले में आयोजित उपरोक्त कार्यक्रम सामाजिक जागरूकता, संवेदनशीलता एवं विधिक साक्षरता की दिशा में सार्थक और प्रभावशाली साबित हुए।

## जीवन में सफलता का अर्थ उपलब्ध संसाधनों का सही उपयोग : डॉ. शकील

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के अंतर्गत समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र और अर्थशास्त्र द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा के परिप्रेक्ष्य में सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक जीवन की सततता विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ अमरनाथ शर्मा ने कार्यशाला के विषय की उपयोगिता एवं अतिथियों का परिचय दिया अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन डॉ नुसरत जहां एवं डॉ भारती साहू ने किया। संपूर्ण कार्यशाला का संचालन डॉ कृष्ण कुमार पटेल ने किया कार्यशाला में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे । कार्यशाला के प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. के पद्मावती विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र शासकीय व्ही वायटीपीजी महाविद्यालय दुर्ग ने भारतीय ज्ञान परंपरा और अर्थव्यवस्था की जानकारी दी। द्वितीय सत्र में डॉ शकील हुसैन विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान शासकीय व्हीवायटी पीजी महाविद्यालय दुर्ग ने कार्यशाला के विषय की महत्व को बताया। कहा कि जीवन में सफलता का अर्थ उपलब्ध संसाधनों का इस प्रकार उपयोग किया जाना है कि वर्तमान की आवश्यकता पूरी होने के साथ ही साथ भविष्य के लिए उनकी उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना है। द्वितीय दिवस भारतीय ज्ञान परंपरा और प्राकृतिक चिकित्सा को था। जिसमें नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ नेचुरोपैथी छत्तीसगढ़ शाखा से राज्य संयोजक मनोज ठाकरे सह संयोजक डॉ निर्मला गुप्ता आदि मौजूद थे।



## खबर संक्षेप



### भिलाई निगम ने बढ़ाया काउंटर शुल्क

**भिलाई।** भिलाई महापौर परिषद की बैठक में निगम की वित्तीय आय बढ़ाने हेतु आवेदन शुल्क में वृद्धि किये जाने प्रस्तुत प्रस्ताव में संकल्प पारित किया गया है। जिसके आधार पर काउंटर आवेदन फार्म में निम्नानुसार शुल्क में संशोधन किया गया है। जैसे - भवन अनुज्ञा पक्का निर्माण फार्म 20 रुपये, भवन अनुज्ञा कच्चा निर्माण फार्म 10 रुपये, बिजली एनओसी फार्म 10 रुपये, स्वनिर्धारण संपत्तिकर विवरणी फार्म 10 रुपये, ठेकेदारी पंजीयन फार्म 10 रुपये, नामांतरण फार्म (निगम संपत्ति) 50 रुपये, लायसेंस नवीनीकरण हेतु आवेदन 10 रुपये, जन्म-मृत्यु के एक माह से अधिक किन्तु एक वर्ष के भीतर शपथ पत्र और विलंब शुल्क 10 रुपये, एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने पर कार्यपालन मजिस्ट्रेट की अनुमति एवं विलंब शुल्क 10 रुपये किया गया है। इसी प्रकार समाचार पत्रों में विज्ञापित भूखण्डों और दुकान निविदा/निलामी हेतु फार्म को योजना के नियमानुसार शुल्क लिया जाएगा।

### वाहन चालक से लूट अपराध दर्ज

**भिलाई।** दुर्ग जिले के चौकी लिटिया सेमरिया थाना बोरी क्षेत्र में ग्राम बिरेझर प्रवेश द्वारा के पास लूट की घटना सामने आई है। आयल टैंकर को रोक कर तीन अज्ञात आरोपियों ने मारपीट करते हुए वाहन चालक के ड्राइविंग लायसेंस, आधार कार्ड, पैन कार्ड व नगदी रकम तीन हजार रुपए लूटकर भाग गए। राचनपुर बघेडी थाना सरायममरेज जिला इलाहाबाद उत्तर प्रदेश हाल मुकाम ग्राम गुजरा थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर निवासी प्रार्थी वंशराज यादव पिता लाल बहादुर उम्र 50 साल ने पुलिस को बताया कि वे वाहन चलाने का काम करते हैं। 6 दिसंबर को गुजरा लखौली इंडियन आईल डिपो से टेंकर क्रमांक सीजी 06 एचई 6113 से डीजल पेट्रोल लेकर अपने हेल्पर अंकित यादव के साथ ओम शांति फयूल सहसपुर खैरागढ़ रोड राजनांदगांव गया था। पेट्रोल पंप में डीजल पेट्रोल खाली करने के बाद वापस गुजरा लखौली जा रहे थे। गूगल मैप से रास्ता भटकने के बाद गांव के रास्ते मेन रोड जा रहे थे। रात्रि करीबन 11 बजे ग्राम बिरेझर प्रवेश द्वारा के पास ब्रेकर के कारण टैंकर की गति धीमा करते ही रोड किनारे आग ताप रहे तीन-चार लड़के दौड़ते हुए आये और टैंकर को रोक लिया। टैंकर का दरवाजा को खोलकर मारपीट करने लगे। हेल्पर अंकित ने बीच बचाव किया। इस दौरान अज्ञात लुटेरे 3000 रुपए लूटकर भाग गए।

### बाइक की ठोकर से साइकिल सवार की मौत

**दुर्ग।** सड़क हादसे में घायल अधेड़ की मौत के बाद मोहन नगर थाना पुलिस ने बाइक सीजी 08 एएन 2968 के चालक के खिलाफ 06(1) बीएनएस और 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार विगत 3 दिसंबर को काली मंदिर के आगे उरला में मोटर सायकल हारनेट क्रमांक सीजी 08 एएन 2968 का चालक अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से चलाते हुए साइकिल सवार डोमार राम साहू पिता वैशाखु राम साहू उम्र 53 साल निवासी ग्राम कोटनी थाना पुलगांव को पीछे से ठोकर मार दी। गंभीर चोट के कारण उपचार के दौरान डोमार राम साहू का अस्पताल में मौत हो गया।

### मृदा स्वास्थ्य कृषि में उपयोगिता विषय पर जागरुकता कार्यक्रम

**दुर्ग।** विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा द्वारा जिले के विकासखण्ड पाटन के ग्राम-चंगोरी में 'मृदा स्वास्थ्य कृषि में उपयोगिता' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषकों को मृदा स्वास्थ्य जॉच की आवश्यकता क्यों है? खेते में क्या-क्या फायदे है कैसे किया जाता है और इसके जॉच की 'मृदा हेल्थ कार्ड' का कैसे उपयोग किया जाता है ।

# राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी की तैयारी की मंत्री गजेन्द्र ने की समीक्षा

## सभी विभागों को जिम्मेदारी सौंपी, मंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

स्कूली शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि सभी विभागों एवं अधिकारी–कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों से जिले में सफलतापूर्वक प्रथम राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी 2026 का आयोजन किया जाएगा। मंत्री यादव संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी 2026 के सफल आयोजन हेतु संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागों को दायित्व एवं जिम्मेदारियां सौंपी गई है। जिसका वे बेहतर क्रियान्वयन कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से बालोद जिले में राष्ट्रीय स्तर का यह आयोजन होगा। जिसमें आप सभी अधिकारी–कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वहन करेंगे। मंत्री यादव ने सभी विभाग प्रमुखों से चर्चा कर उनके दायित्वों की जानकारी दी तथा विभागों द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी भी ली। बैठक में बताया गया कि पुलिस विभाग को जंबूरी स्थल में यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह उद्यानिकी विभाग को पर्याप्त गमले, सजावटी फुल, जनसंपर्क विभाग को प्रचार–प्रसार, जल संसाधन विभाग को वॉटर स्पोर्ट्स, वन विभाग को बांस एवं बल्ली की व्यवस्था, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग को पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था, विद्युत विभाग को ट्रांसफार्मर एवं निर्बाध विद्युत सप्लाई की व्यवस्था, लोक निर्माण विभाग को जंबूरी स्थल हेतु प्रवेश सड़क एवं हेलीपैड का निर्माण, नगरी निकाय को पानी टैंकर, सफाई–कर्मचारी, स्वच्छता व्यवस्था, नगर सेना को अग्निशमन की व्यवस्था, स्वास्थ्य विभाग को चिकित्सा व्यवस्था, परिवहन विभाग को वाहन व्यवस्था सहित विभिन्न विभागों को उनके दायित्वों की जानकारी दी गई तथा अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की गई।



### ये रहे मौजूद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बैठक की समाप्ति पर मंत्री यादव को आश्वस्त कराया कि जिला प्रशासन की टीम अपने दायित्वों का निर्वहन बेहतर से बेहतर करते हुए राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी 2026 का सफल आयोजन सुनिश्चित करेगी। बैठक में जंबूरी डायरेक्टर अमर क्षेत्री, भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा, डीपीआई डायरेक्टर ऋतुराज रघुवंशी, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक सहित जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, राज्य एथेलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष सौरभ लुनिया और बड़ी संख्या में अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

परीक्षा

**अर्धवार्षिक परीक्षा वार्षिक परीक्षा का ट्रेलर है प्राचार्य**

# सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षा हुआ शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ▸▸ जामगांव आर

विद्याभारती से संबद्ध सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के 915 ग्रामीण एवं 211 शहरी सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों में सोमवार को निर्धारित समय पर एक साथ अर्धवार्षिक परीक्षा प्रारंभ हुई।

उक्त जानकारी देते हुए दुर्ग विभाग समन्वयक हरिश्चंद साहू ने बताया कि पूर्व प्राथमिक एवं प्राथमिक प्रातः पाली एवं मिडिल हाई एवं हायरसेंडरी स्तर की परीक्षा द्वितीय पाली में पूर्ण सजगता के साथ आयोजित की रही है। इसी तारतम्य में शहरी विद्यालय जामगांव आर और बटरेल एवं ग्रामीण विद्यालय भाठागांव आर में सैकड़ों विद्यार्थी परीक्षा में प्रथम दिवस शामिल हुए।

विदित हो कि सांस्कृतिक और खेल में भी ये विद्यालय भरपूर प्रतिस्पर्धा करते हुए जिला संभाग क्षेत्र होते हुए राष्ट्रीय स्तर तक



सहभागिता अदा करते है। उल्लेखनीय है जामगांव आर सरस्वती शिशु मंदिर की एक छात्र ने जोधपुर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर खेल स्पर्धा में विगत वर्षों भाग लेकर परचम लहराया। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर विद्याभारती के मार्गदर्शन में चलती है जिसका मुख्य उद्देश्य संस्कारित शिक्षा से होनहार देश भक्त नागरिक का निर्माण करना है। इन सभी विद्यालयों की पृथक पृथक संचालन समिति होती है। किंतु मार्गदर्शक एक ही है। सरस्वती शिशु मंदिर केवल शिक्षा ही विधार्थियो के सर्वांगीण विकास के सभी आयामों को सूक्ष्मता के साथ तलाश कर उस पर पारंगत करने का हर संभव प्रयास करती है। सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व विद्यार्थी देश में सभी तरह की सेवाओं में महती भूमिका निभा रहे। विद्यालय का माध्यम हिंदी लेकिन आवश्यकता के अनुरूप अंग्रेजी में बच्चो को ट्रेंड कर उनका भविष्य संवारती है। तभी तो विद्यालयों से डाक्टर इंजीनियर सीए एमबीए सहित सभी वे पढ़ाई जहां अंग्रेजी की जरूरत उत्कृष्टता से परचम लहराते जा रहे है। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर प्राचार्य पीएल बारले ने बताया पहले प्रार्थना ओर सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों में निर्धारित समय पर सुव्यवस्थित ढंग से एक साथ परीक्षा ली जा रही है। इसके बाद उत्तरपुस्तिका की जांच और पुनः जांच आज से प्रारंभ हो जाएगी। परिणाम घोषणा के बाद विधार्थियो को उत्तर पुस्तिका अपने कमियों पर चिंतन कर सुधार करके वार्षिक परीक्षा में उन्नत परिणाम लाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। क्योंकि अर्धवार्षिक वार्षिक परीक्षा का ट्रेलर है।

### आज इन विषयों की परीक्षा हुई

कक्षा 12 वी भौतिक, 11वी रसायन, 10वी अंग्रेजी, 9वी हिंदी, 8 वी गणित, 7वी अंग्रेजी, 6वी हिन्दी, 5 वी गणित, 4थी हिंदी, 3री पर्यावरण, 2री गणित, 1 ली हिंदी और पूर्वप्राथमिक में संस्कृत और गीत कहानी विषयों पर परीक्षा हुई। परीक्षा के बाद पेपर का हाल चाल आपस में चर्चा विद्यार्थी करते हुए दिखे।



## 9 जनवरी से तीन दिवसीय कबीर पंथ संत समागम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद/कलंगपुर

छग. कबीर पंथ साहू समाज के तत्वधान में तीन दिवसीय संत समागम प्रवचन 9 जनवरी से 11 जनवरी 2026 को बाजार चौक गुण्डरदेही में आयोजित की गई है। इस आयोजन में आने के लिए जगदलपुर के विधायक एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर कबीर पंथ आयोजन समिति के अध्यक्ष सतीश साहू, उपाध्यक्ष गुलशन साहू, सचिव घनाराम साहू, सामाजिक कार्यकर्ता थानसिंह मंडावी, डॉ विक्रम साहू, भूपेन्द्र साहू, शम्भु साव सहित आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## गायत्री महायज्ञ की कलश यात्रा का एकता महिला ग्रुप ने किया पुष्पवर्षा से स्वागत



**बालोद।** नगर में सोमवार 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के कलश यात्रा निकाली गई, जिसका स्वागत करने के लिए एकता महिला ग्रुप की सभी मातृ शक्तियां पुराना बस स्टैंड के शिव मंदिर प्रांगण में एकत्रित हुई। इस दौरान जिला गायत्री परिवार के तत्वावधान मे निकाले गए कलश रैली का महिला ग्रुप के सदस्यो ने पुष्पवर्शा कर स्वागत करते हुए उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर गुरप की पूजा जैन, ममता यदु, मंजू श्रीवास, किरण सोनी, सोनकली पटेल, सरोज श्रीवास,राखी नसीने,पुनिता मिश्रा, किरण अग्रवाल, आशा नूडिवाल, मीनाक्षी व अन्य सदस्य उपस्थित थी।

## जनजातीय समाज के गौरव पर केंद्रित विविध प्रतियोगिताएं हुईं



- रंगोली, भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता हुआ

**बालोद/कलंगपुर।** मदन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में जनजातीय गौरवशाली समाज के उपलक्ष में वक्तव्य का आयोजन किया गया।

जिसमे मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार साहू रहे, जिन्होंने जनजाति गौरवशाली समाज के अतीत के बारे में विस्तार से बताया। इसके उपलक्ष्य में रंगोली, भाषण, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर महाविद्यालय के प्राचार्य मदन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला डॉ कल्पना पॉल, सहायक प्राध्यापक डॉ रामेश्वर प्रसाद ठाकुर, प्रमोद भारती, डॉ आशीष द्विवेदी, कमलेश्वर साहू, डॉ वंदना धुरव, अंजनी पैकरा, डॉ ममिता साहू, सुमन कश्यप, मयंक साहू, अनुराधा सोनी, डॉ रूचि ताम्रकार, प्रदीप साहू, डॉ रमेश साहू, दामिनी झा, डॉ मीनाक्षी देवांगन, दीपेश, छाया रानी साहू, रूद्र प्रताप सोम मनीष सागर, राघव ठाकुर, भूपेंद्र, दुर्गेश, गुलाब, अंगद एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

## महिला थाने में अब पुरुष पक्ष की भी होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

- प्रताड़ित पुरुषों के आवेदनों का किया जाएगा निराकरण

महिला थाना में अब पुरुष पक्ष की भी सुनवाई होगी और हर रविवार को प्रताड़ित पुरुषों के आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा कानूनी एवं विधिक सलाह का शुभारंभ किया गया। रविवार को महिला थाना में जिला दुर्ग के पारिवारीक समस्या से परेशान पुरूषों के लिए काउंसलरों की नियुक्ति की गई है।

पुरूष आवेदकों का कहना है कि महिला परामर्श केन्द्र में महिलाओं की ही सुनवाई होती है, पुरूष की सुनवाई नहीं होती। इसे दृष्टिगत रखते हुए पुरूष आवेदकों की समस्याओं के समाधान के लिए कानूनी एवं विधिक सलाह का शुभारंभ किया गया। काउंसलर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सेवानिवृत्त अशोक जोशी, महिला काउंसलर रत्ना डाकलिया एवं मोनिका सिंह द्वारा रविवार को 8 पुरूष आवेदकों की शिकायत पर सुनवाई करते हुए उनकी समस्याओं के निराकरण की कानूनी सलाह दी गई।

पुलिस अधीक्षक ने स्वंय उपस्थित होकर पुरूष आवेदक की शिकायतों की सुनवाई की। उन्होंने प्राप्त शिकायत आवेदनों पर गंभीरता से काउंसलिंग कर दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद विधिक सलाह देने के निर्देश दिए। काउंसलिंग के दौरान पद्मश्री तंवर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईयूसीएडब्ल्यू, भारती मरकाम उप पुलिस अधीक्षक आईयूसीएडब्ल्यू, नीता राजपूत थाना प्रभारी महिला थाना, थाना के अन्य स्टाफ एवं अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## शहीद के परिजनों और पूर्व सैनिकों का राज्यपाल ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

- शहीदों का बलिदान अविस्मरणीय : राज्यपाल

सशस्त्र सेना झंडा दिवस कार्यक्रम राज्यपाल रामेन डेका द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य शासन के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के अधिकारी सैनिक एवं पूर्व सैनिक वीरमताएं और नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों के परिवार जनों को सम्मानित किया गया। सैन्य अलंकारों से सम्मानित हुए सेना के वीरों को भी राज्यपाल द्वारा



सम्मानित किया गया। सशस्त्र सेना झंडा दिवस कार्यक्रम के लिए विशेष सहयोग प्रदान करने वाले विशिष्ट जनों का भी राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया।

राज्यपाल द्वारा अपने वक्तव्य में यह कहा गया कि देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता, वीर शहीदों के परिवार जनो की सहायता ही उन वीरों की सच्ची शद्धांजलि होगी। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला बालोद के प्रभारी केपी तिवारी, अध्यक्ष नंद किशोर साहू, उपाध्यक्ष देवेन्द्र डड़सेना, सचिव इंद्रसेन सिन्हा, सहसचिव कोमल साहू, बालोद ब्लॉक अध्यक्ष किशोर नाथ योगी, गुण्डरदेही ब्लॉक अध्यक्ष एमंत साहू, कार्यकारी सदस्य तामेश्वर दास मानिकपुरी, रविंद्र टेमरिया, शैलेन्द्र कुमार साहू उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### राष्ट्रीय जंबूरी ..

यादव ने कहा कि राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी 2026 का आयोजन 09 जनवरी से 13 जनवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से 15 हजार से अधिक रोवर और रेंजर शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस विशाल कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री एवं राज्य के मुख्यमंत्री सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे।

यादव ने कहा कि इस तरह का आयोजन हमें सहयोग, अनुशासन और आपसी भाईचारे के महत्व को सिखाता है। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की। राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के नेतृत्व में प्रथम राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी 2026 के आयोजन का सौभाग्य मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन ने इस वृहद आयोजन की मेजबानी का मौका देने के लिए शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव का धन्यवाद किया और इस आयोजन को सफल बनाने का भरोसा दिलाया।

### नगर पंचायत में ...

महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए जल्दी ही टेंडर निविदा निकाला जाएगा, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जा सके और स्थानीय नागरिकों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जा सकें। बैठक में सीएमओ किरण पटेल, सब इंजीनियर रूपेश राठिया, लेखपाल श्रवण निर्मलकर, कैशियर विशाल साहू, पार्षद गण पोषण निषाद, हरीश निषाद, संतोष नेताम, लोकेश्वरी शंकर यादव, रामवती सोनकर, हेमंत सोनकर, सुल्ताना तिगाला, सलीम खान, हेमलता सोनी, पूजा बिंझेकर, शैल महोबिया व रोमलाल यादव उपस्थित थे।

### अमर सिंह अध्यक्ष और किशोर कुमार महासचिव निर्वाचित

**भिलाई।** बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ का आंतरिक चुनाव रविवार को गहमागहमी के बीच संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर अमर सिंह ने निरंजन कुमार को पराजित किया। महासचिव पद पर किशोर कुमार साहू चुने गए। उन्होंने ओम प्रकाश मार्कोले को हराया । चुनाव अधिकारी सुनील शर्मा थे । अध्यक्ष पद के लिए कुल 820 मतदाताओं में से 68% ने मतदान किया । अमर सिंह को 67 प्रतिशत तथा निरंजन कुमार को 33 प्रतिशत मत प्राप्त हुआ। वही महासचिव किशोर साहु को 63 प्रतिशत तथा ओमप्रकाश मार्कोले को 37 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। कोषाध्यक्ष पद पर नवीन कुमार मिश्रा निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसके तहत यूनियन को मजबूत करना, बीएसपी तथा सेल प्रबंधन की निगेटीव कर्मचारी विरोधी भूमिका को हर फोरम पर उठाना, सभी जायज मूद्दो पर न्यायालय में मुकदमा दर्ज करवाना , वेज रीविजन, बोनस, स्थांतरित कर्मचारियों के मुद्दो के लिए संघर्ष तेज करना है।

## बीएसपी में सुरक्षा और वेलफेयर को सुदृढ़ करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

बीएसपी वर्कर्स यूनियन भिलाई इस्पात संयंत्र कर्मियों के इंसेटिव स्कीम को रिवाइज किए जाने की मांग की है। यूनियन ने प्रबंधन का ध्यानाकर्षण किया कि कर्मचारियों को अन्य यूनिटों के अपेक्षा काफी कम इंसेंटिव मिलता है जो उनके आर्थिक स्थिति एवं आवश्यकताओं को अत्यधिक प्रभावित करता है

यूनियन ने सेफ्टी पर कहा कि कर्मचारियों जिसमें ठेका श्रमिक भी शामिल हैं को मिलने वाले व्यक्तिगत सुरक्षा के साधनों उनकी उपलब्धता एवं क्वालिटी के बारे में चर्चा की । मुख्य महाप्रबंधक से कर्मचारियों के रेस्ट रूम, ऑपरेटर केबिन, कैंटीन, पीने योग्य पानी तथा महिला और पुरुष कर्मचारियों के टॉयलेट संबंधी सुविधाओं को दुरुस्त किए जाने की मांग की। यूनियन प्रतिनिधिमंडल को महा प्रबंधक ने बताया कि कर्मचारियों की सुरक्षा और वेलफेयर उनकी प्राथमिकता में है l

उन्होंने बताया कि विभाग में "घर से घर तक" के तहत हर सप्ताह 50 से 55 ठेका श्रमिकों को शाम के समय एचआरडीसी में परिवार के साथ जिसके पति - पत्नी शामिल होते हैं बुलाकर सुरक्षा पर चर्चा की जाती है और उनके लिए विभाग द्वारा डिनर की भी व्यवस्था की जाती है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

**खबर संक्षेप**



## बौद्ध समाज ने किया फल वितरण

**डोंगरगढ़।** बाबा साहेब के महा परिनिर्वाण दिवस पर बौद्ध समाज ने सामुदायिक अस्पताल पहुंचकर फलों का वितरण किया। बौद्ध समाज के उपासक- उपासिका एवं जनप्रतिनिधि पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने अस्पताल में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना एव सुविधा के विस्तार पर बीएमओ सुचिता श्रीवास्तव से चर्चा की। इस अवसर पर भंते कुमार कश्यप, भंते सारिपुत्र, बौद्ध समाज के अध्यक्ष मुन्नालाल नंदेश्वर, पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, डॉ सम्राट जैन, डॉ राजेश राउतकर, माया भास्कर, सिद्धार्थ नागदेवे, निर्भय चोखान्द्रे, अनिता इंदुरकर, दीपक साखरे, प्रजेश सहारे, रतनदीप नंदेश्वर, गुड्डा सरजारे, स्पंदन चौधरी, रेखा सहारे, किरण मेश्राम, प्रभा चंद्रिकापुरे, धीरज धमगाय, रिम्मी, रोमी टेंभुरकर सहित अन्य मौजूद थे।

## शपथ कार्यक्रम में शामिल हुए विष्णु लोधी

**डोंगरगढ़।** सतनाम भवन राजनांदगांव में आयोजित जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ग्रामीण एवं शहर के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने शामिल होकर नवनियुक्त अध्यक्ष विपिन यादव एवं जितेन्द्र मुदलियार को बधाई दी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज थे। श्री बैज के पहुंचने पर श्री लोधी ने आत्मीय स्वागत किया।

## विपासना केन्द्र का किया अवलोकन

**डोंगरगढ़।** बौद्ध तीर्थ प्रज्ञागिरि में बने विपासना केन्द्र का निरीक्षण बौद्ध भिक्षुणी स मॉव छीन ने किया। उन्होंने ट्रस्ट समिति के पदाधिकारीयों की उपस्थिति में सर्वे किया। उपासना केन्द्र में बाहर से आने वाले उपासक उपासिको एवं बौध्द भिक्षुकों के विपासना केन्द्र में जरूरत के अनुरूप व्यवस्था जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ स व्हैय कोंग, छु कोंग स भी उपस्थित थे। उन्होंने यहां तथागत भगवान गौतम की प्रतिमा के समक्ष भारतीय पद्धति एवं चीनी भाषा में पुजा अर्चना एवं परित्राण पाठ किया। इस अवसर पर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष विनोद खांडेकर, धीरज मेश्राम, शैलेन्द्र डोंगरे, धन्ना गणवीर, संजय रामटेके, सुनील नागदौने, करूणा डोंगरे, प्रदीप टेंम्भूलकर, विशाल भिवगडे, चंद्रशेखर बोरकर, बादल वाल्दे, गौतम रामटेके, सावन टेंम्भूलकर, प्रमोद टेम्भूलकर, धम्मकीर्ति नंदेश्वर, नलिनी मेश्राम, अनुश्री खोब्रागडे, रमेश सोनवानी, अष्टशील महिला मंडल के सदस्य सहित अन्य उपस्थित थे।

## 14 को एक दिवसीय परिचय सम्मेलन

**राजनांदगांव।** झेरिया यादव समाज संयुक्त जिला राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अं. चौकी का एक दिवसीय सामाजिक एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन, यादव सामुदायिक भवन का लोकार्पण, सामाजिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह 14 दिसंबर को डोंगरगढ़ में आयोजित है।

**प्रवचन**

### भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण की शिक्षाओं से भक्त हुए आनंदित

# भारतीय लोक जीवन में श्री राम कृष्ण व्याप्त है यही है सनातन संस्कृति : संत श्री निरंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

- जीवन में प्रेम और धर्म अपनाने की अपील
- नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा पांडाल

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू धर्मपत्नी स्व.कमला देवी साहू की पुण्य स्मृति में आयोजित ग्राम पाऊवारा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्म का भव्य आयोजन किया गया।

कथा के पांचवे दिन कथा वाचक संत श्री निरंजन महाराज जी ने भगवान श्री कृष्ण अवतार की कथा का विस्तृत वर्णन करते हुये श्रोताओं को आनंदित किये।

ईश्वर के संकल्प सृष्टि का सृजन पालन संहार होता है। भगवान के नेत्र खोलने पर मुस्कुराने पर प्रलय और आंख टेढ़ी कर देने पर संहार हो जाता है।मानव मात्र को कर्तव्य कर्म मे प्रेरित करने अकर्ता ईश्वर हमें कार्य करते हुए दिखाई देते हैं। आत्मा राम अनुभूति का विषय है



निर्गुण ब्रह्म सगुन रूप में लीला करते है आत्म तत्व के लिए स्वयं पर स्वयं की कृपा होना आवश्यक है।

सच्चिदानंद भगवान को जानने के लिए गुरुओं सन्तो के सरणों में लोट कर पद-रज से स्वयं को आनन्दित करें। भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम कहलायें और श्री कृष्ण के रूप में सर्वत्र प्रेम बाँटे। जंगलो में घुमते हुए बनवासी राम भोले - भाले आदिवासीयो को, पिछड़ो को गले लगाकर समाज के मूल धारा से जोड़े। वही योगीराज भगवान कृष्ण गोरक्षा प्रकृति संवर्धन, संगठन,स्वास्थ्य,





सात्विक भोजन, निर्भीकता, सहजता धैर्य, साहस, स्नेह जैसी मानवीय मूल्यों को स्थापित कर संसार को पीड़ा देने वाले दैत्यों का संहार किये।

द्वारीकाधीश के रूप में भगवान श्री कृष्ण कला संस्कृति का पोषण करते हुए कुशल प्रज्ञा पालन किये।कर्तव्य पथ में असहाय बने अर्जुन को युध्द कि किए प्रेरित कर कुशल युध्द संचालक बनकर गीला-ज्ञान भक्ति और वैराग्य को संदेशवाहक बने।भगवान के इन दिव्य लीलाओ का स्मरण करते हुए दुःख दर्द भरे इस दुनिया में जीवन का बाग सजाना है। पल भर सत्संग कथा हरि का सबसे अनमोल खजाना है। जीवन को उत्सव बनाकर सम्पूर्ण जीवन को प्रेम और आनंद पूर्वक व्यतित करते, नित्य हम भगवान श्री कृष्ण के संदेश को आत्मसात कर धन्य बनें। जैसे ही कथा में वासुदेव जी नवजात श्रीकृष्ण जी को लेकर कथा स्थल पर पहुंचे तो श्रद्धालु झूम उठे। श्रद्धालुओं नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयघोष से पांडाल गूंज उठा। इस मौके पर श्रीकृष्ण जन्म की खुशी में बधाई गाई गई और प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ निरेन्द्र साहू,पूर्व विधायक बालोद प्रीतम साहू,पूर्व विधायक साजा लाभचंद बाफना,पूर्व अध्यक्ष हस्त शिल्प बोर्ड दीपक साहू जिला अध्यक्ष साहू समाज नंद लाल साहू, कृष्णा साहू, मंजु साहू,रमेश साहू,अध्यक्ष सेवादल धमतरी होरिलाल साहू,तुलसी साहू,राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मी गुप्ता, हलधर साहू,कलाम, प्रभात धुर्वे,सरस्वती चंद्रकार,युगल पांडे, अखिलेश तिवारी,महेश दुबे, नवीन ताम्रकार,ईश्वर सोनी, राजेन्द्र ठाकुर, दीपिका चन्द्रकार, भीषम हिरवानी, रत्ना नारम देव,झमित गायकवाड़,सनीर साहू, रिवेन्द्र यादव, तारकेश्वर चन्द्रकार, घसिया देशमुख, बाबू लाल देशमुख, भुनेश्वरी ठाकुर,रुपेश देशमुख, मुकेश साहू, देवा साहू,गोपाल साहू, डालेश साहू नोहर साहू, सहित हजारों की संख्या में श्रोता समाज एवं समस्त आयोजन कर्ता व समस्त ग्रामवासी पाऊवारा बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सैन्य प्रशिक्षण पूर्ण कर आया अग्निवीर का सैनिक का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल के ग्राम चिलमगोटा में उस समय खुशियों का माहौल देखने लायक था, जब गांव के युवक राहुल इस्दा भारतीय सेना की अग्निवीर योजना के तहत कठोर सैन्य प्रशिक्षण पूरा कर रविवार को गांव वापस लौटे। गांव पहुंचते ही राहुल का स्वागत डीजे, ढोल-ताशों और आतिशबाज़ी के साथ भव्य रूप से किया गया। राहुल के पिता मोरध्वज इस्दा, ग्राम सरपंच नरेन्द्र मंडावी, वार्ड सदस्यों और पूरे ग्रामवासियों ने फूल-मालाओं और ढोल नगाड़ों के साथ उनका अभिनंदन किया। ग्रामवासियों ने इसे गांव का गौरव बताते हुए कहा कि राहुल इस्दा ने न केवल परिवार का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे चिलमगोटा गांव को गर्व महसूस कराया है।

राहुल ने अपनी ट्रेनिंग के अनुभव साझा करते हुए कहा कि सेना में प्रशिक्षण ने उन्हें अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और कड़ी मेहनत का महत्व सिखाया है। उन्होंने युवाओं को भी ऐसे अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। ग्रामवासियों ने राहुल के उज्ज्वल भविष्य और देश सेवा के लिए हर्ष जाहीर किया।

## नवोदय परीक्षा की तैयारी का किया मॉक टेस्ट

**लक्ष्य नवोदय छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में आयोजित मॉक टेस्ट से ग्रामीण बच्चों को मिली बड़ी सहायता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्कूल सांकरा जगन्नाथपुर में लक्ष्य नवोदय छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में बच्चों के नवोदय परीक्षा की तैयारी हेतु मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमे पहला 2 नवंबर रविवार, दूसरा 9 नवंबर रविवार, तीसरा 16 नवंबर रविवार, चौथा 23 नवंबर रविवार, पांचवा 30 नवंबर रविवा, छठवां 7 दिसंबर रविवार, समय सुबह 10 बजे से 12 बजे कुल 06 मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें लक्ष्य छत्तीसगढ़ गुनाराम चन्देल एवं टीम जिला बालोद परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष पूनम लाल चंद्राकर, परीक्षा प्रभारी हंसराज देशमुख के प्रबंधन से परीक्षा संचालन किया गया।

उक्त परीक्षा में नवोदय की तैयारी कर रहे दूर—दराज़ से बच्चे मॉक टेस्ट से लाभान्वित हुए। जिसके अंतर्गत बच्चे ओएमआर सीट भरना, प्रश्न हल करने में समय प्रबंधन तथा प्रश्न





हल करने के सरल तरीको के बारे में सीखा। 07 दिसंबर रविवार को परीक्षा उपरान्त सभी बच्चों का एक सभा का आयोजन किया गया। साथ ही सर्व सुविधायुक्त शाला भवन उपलब्ध करने एवं परीक्षा संचालन में सहयोग करने हेतु स्कूल की प्राचार्य रंजना देशमुख, शिक्षक पंकज शर्मा, मनोज सुनहरे एवं कुंवरिया यादव को सम्मानित किया गया। परीक्षा संचालन एवं मूल्यांकन कार्य में सुरेंद्र कुमार मंडलोई, लता रावटे, चंद्रकांत साहू, तामेश्वर लाल साहू, मौसमी साहू, उत्तरा राम सिंहा, प्रकाश कश्यप, दुर्गा चंद्राकर, जानकी देशमुख का योगदान रहा।

## गौ उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण में क्षेत्र के प्रतिभागियों ने हिस्सा

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के तत्वाधान में राजधानी रायपुर में त्रिदिवसीय गौ उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रदेशभर से प्रतिभागियों ने सहभागिता की। डौंडीलोहारा विकासखंड से जिला गौधाम समिति के जिला सदस्य विनोद साहू , गौधाम समिति डौंडीलोहारा के अध्यक्ष मुकेश आरदा तथा गौ सेवा गतिविधियों से जुड़े हरिश साहू , गीता साहू एवं किरण नेताम विशेष रूप से प्रशिक्षण में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा गाय के गोबर एवं गोमूत्र से तैयार होने वाले विभिन्न उपयोगी उत्पादों के निर्माण की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को गोबर से धूपबत्ती, दीपक, विभिन्न प्रकार की सामग्री, पूजा के लिए आवश्यक मूर्तियां, दर्द निवारक घरेलू औषधियां, प्राकृतिक कीटनाशक, जैविक खाद, गोमूत्र-आधारित टॉनिक सहित अनेक गौ-आधारित उत्पादों के निर्माण की कला का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने हेतु गौ आधारित स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर भी विशेष चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने बताया कि इस प्रशिक्षण से उन्हें अनेक नई तकनीकें सीखने मिलीं, जिन्हें अब गांव-गांव तक पहुंचाकर स्थानीय स्तर पर गौ-आधारित खेती, जैविक उत्पादों एवं स्वरोजगार को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही विकासखंड डौंडीलोहारा में भी इसी प्रकार का प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर ग्रामीणों, महिला स्व-सहायता समूहों एवं युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में आर्थिक स्वावलंबन को बढ़ावा मिल सके। गौ सेवा आयोग के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ गौ संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं जैविक कृषि की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होंगे।

## धान खरीदी व्यवस्था में सुधार की मांग किसानों ने कलेक्टर नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

- धान खरीदी में समस्याओं से खफा आंदोलन की दी चेतावनी

अंचल के किसानों ने सेवा सहकारी समितियो में 15 नवंबर से की जा रही धान खरीदी व्यवस्था के संबंध में पांच सूत्रीय मांग पत्र व सुधार कार्य हेतु कलेक्टर बालोद के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंडी कार्यालय में दिया।

जिसमें उल्लेख है की तीन दिन के अंदर इन मांगो का निराकरण ना होने पर 12 दिसंबर को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंडी कार्यालय किए जाने की जानकारी दी है। दिए गए ज्ञापन में धान बिक्री हेतु टोकन जो की तुंहर टोकन एप से आनलाइन टोकन व आफ लाइन टोकन की व्यवस्था दी



गई है। धान बिक्री हेतु टोकन की संख्या जो कि वर्तमान में दो एकड़ में एक बार, दो से दस एकड़ तक दो बार व दस एकड़ से ऊपर तीन बार टोकन का नियम बनाया गया है।

उसे समाप्त कर किसानों के सुविधा अनुसार टोकन कटने की व्यवस्था बनाई जाए, गिरदावरी रिपोर्ट में गड़बड़ी, रकबा कटौती,पंजीयन में त्रुटि या अन्य राजस्व त्रुटि के कारण किसानों को धान बेचने में समस्या आ रही है। उसे शीघ्र निराकरण किया जाए, सेवा सहकारी समितियो में धान खरीदी की मात्रा सीमित कर दिया गया है, प्रत्येक समिति में 25 से 30 प्रतिशत लिमिट की मात्रा बढ़ाई जाए ताकि किसान सुविधा पूर्वक धान बिक्री कर सके, पूर्ववती सरकार के समय धान के चौथी किश्त की राशि तत्काल किसानों को दिया जाए, ज्ञापन देने गंगाराम दर्रो,आत्माराम कोडो,चंद्रभान गावड़े,अर्जुन सहित किसान उपस्थित थे।

## सुखदेव राज को पेंशनर्स महासंघ ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



आजादी के आंदोलन में कई वीर क्रांतिकारियों के नाम इतिहास में अमर हो गए, लेकिन कुछ ऐसे भी थे जिन्हें समय के साथ भुला दिया गया। ऐसे ही एक महान क्रांतिकारी थे सुखदेव राज, जो शहीदे आजम भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद के विश्वस्त साथी रहे। 1931 में इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क (अब चंद्रशेखर आजाद पार्क) में चंद्रशेखर आजाद के साथ बातचीत के दौरान अंग्रेज पुलिस ने घेराबंदी कर दी थी। आजाद ने सुखदेव राज को वहां से निकल जाने का आदेश दिया, जिससे वे बच निकले, जबकि आजाद वीरगति को प्राप्त हुए। क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल होने के कारण सुखदेव राज को दो बार तीन-तीन वर्ष की सजा भी हुई। आंदोलन के बाद उनका पता लंबे समय तक नहीं चला, पर 1963 में वे विनोबा भावे की प्रेरणा से दुर्ग के ग्राम अण्डा पहुँचे। यहां उन्होंने कुष्ठ रोगियों की सेवा हेतु कुष्ठ आश्रम स्थापित किया और दस वर्षों तक सेवा कार्य में जुटे रहे। 1973 में उनके निधन के बाद गाँव में उनकी समाधि बनाई गई। 1976 में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा उनकी प्रतिमा का अनावरण तत्कालीन मुख्यमंत्री पंडित श्यामाचरण शुक्ल के हाथों किया गया।लंबे समय तक उपेक्षित इस प्रतिमा को 2023 से भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने पुनः सम्मान देना शुरू किया। इसी क्रम में 7 दिसंबर 2025 को महासंघ द्वारा प्रतिमा पर माल्यार्पण कर क्रांतिकारी सुखदेव राज को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसमें मुख्यरूप से गुलबीर सिंह भाटिया वरिष्ठ साहित्यकार दुर्ग, बीके वर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, बीएल गजपाल संभागीय उपाध्यक्ष, राजेश तिवारी संभागीय महासचिव, बीके शर्मा संगठन सचिव, ग्राम अण्डा के हेमेंद्र कुमार चंद्राकर सामाजिक कार्यकर्ता, डीपी चंद्राकर सेवानिवृत प्राचार्य, बंशीलाल चंद्राकर, पुकेश चंद्राकर पूर्व महामंत्री भाजपा मण्डल एवं अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति अंडा, बीके बघेल, अनिल कुमार सार्वा आदि ग्रामीण जन उपस्थित थे।




**समारोह में वरिष्ठजनों का आशीर्वाद, युवा नेतृत्व को मिली नई जिम्मेदारियां**

## तहसील साहू संघ के पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

तहसील साहू संघ डौंडीलोहारा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य शपथग्रहण एवं सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष टहल साहू उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ बालोद के जिला अध्यक्ष महेंद्र साहू ने की। विशिष्ट अतिथियों में पवन साहू संरक्षक, जिला साहू संघ, सोमन साहू पूर्व अध्यक्ष जिला साहू संघ, उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद एवं रेडक्रॉस सोसायटी चेयरमैन तोमन साहू, चंद्रेश हिरवानी अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी बालोद, गोपाल साहू पूर्व संयोजक युवक प्रकोष्ठ, तोरण साहू अध्यक्ष





नगर पालिका परिषद, प्रतिभा चौधरी अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बालोद, कांति सोनबरसा अध्यक्ष, जनपद पंचायत, पूजा वैभव साहू जिला पंचायत सदस्य, पद्मश्री सम्मानित नाचा कलाकार डोमार सिंह कुंवर, पूर्व तहसील अध्यक्ष सियाराम शार्वा, जितेंद्र साहू, रमेश सोनवानी, सोमेश साहू, जिला अध्यक्ष भूतपूर्व सैनिक संघ नंदकिशोर साहू तथा डॉ. प्रदीप साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्य अतिथि टहल साहू ने समाज में एकता, रूढ़ियों के सुधार और परेशान व्यक्तियों की सहयोग भावना को बढ़ावा देने पर जोर दिया। तहसील अध्यक्ष परमानंद साहू ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक नियमावली की जानकारी हेतु कार्यशालाओं के आयोजन सहित तीन वर्षीय कार्ययोजना साझा की। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम ने समाज को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए कार्यालय हेतु फर्नीचर तथा भोजन कक्ष निर्माण की घोषणा की। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार हाल ही में संपन्न त्रिवार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर परमानंद साहू ने एकतरफा विजय हासिल की, जिसके बाद नवगठित कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलाई गई। नई कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष खेमन्त साहू, अंकेक्षक डी.आर.साहू सचिव पीलूराम साहू, न्याय प्रकोष्ठ संयोजक संत राम साहू, संरक्षक मन्नूलाल साहू, महिला प्रकोष्ठ संयोजक खिलेश्वरी साहू, सहसंयोजक अनिता साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक पुरानिक सोनवानी, युवा प्रकोष्ठ संयोजक धनेश्वर साहू, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, संयोजक युगल किशोर साहू, संयुक्त सचिव हुमन कलिहारी, यशवंत साहू को शपथ दिलाई गई। इस दौरान एनुका शार्वा को राज्यपाल पुरस्कार मिलने पर सम्मानित किया गया। वहीं खेमंत साहू और नेमसिंह साहू को राज्यपाल पुरस्कार हेतु चयनित होने पर तैलिक रत्न सम्मान प्रदान किया गया। एक अन्य समाजसेवी को भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने एवं मार्गदर्शन हेतु विशेष शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अंत में संरक्षक मन्नूलाल साहू ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं समाजजनों का आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी नेमन साहू, रेंगाडबरी ने दी।

